आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

28.09.2024 6.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा – विकसित भारत का सपना पूरा करने के लिये महिलाओं को शिक्षित और सशक्त करना जरूरी।
- प्रदेशभर में आज राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित हुई।
- राज्य के दक्षिणी हिस्से में कई जगह तेज बारिश।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मन की बात कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जायेगा। इसके अलावा आकाशवाणी समाचार वेबसाइट, मोबाइल ऐप न्यूज ऑन एयर पर भी इसे सुना जा सकता है। ये कार्यकम आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी उपलब्ध होगा।

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने समाज के सबसे निचले पायदान पर जी रहे वंचित वर्गों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए काम करने की आवश्यकता पर बल दिया है। राष्ट्रपति आज हैदराबाद में नलसर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि सच में बहुत बडी ताकत है। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं की सराहना की और उनसे महिला सशक्तिकरण के लिए काम करने का आह्वान किया।

0000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा है कि विकसित भारत का सपना पूरा करने के लिये महिलाओं को शिक्षित और सशक्त करना जरूरी है। वे आज जयपुर में एक निजी विश्वविद्यालय में छात्राओं के साथ विकसित भारत 2047 में महिलाओं और शिक्षा की भूमिका पर चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने शिक्षा के महत्व, महिला सशक्तिकरण और विकसित भारत की दिशा में बढने के लिए आवश्यक कदमों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जो लोग देश के विरोध में बोलते हैं, उनके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। श्री धनखड ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कौशल प्रशिक्षण पर जोर देने की वकालत की जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सके।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा की गई नई पहलों के बारे में बता रहे है।

0000000

प्रदेशभर में आज राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित हुई। इस साल की तीसरी लोक अदालत में आपसी राज़ीनामे के जरिये बडी संख्या में मामलों का निपटारा किया गया। लोक अदालत का आयोजन हाईकोर्ट की जोधपुर और जयपुर पीठ सहित प्रदेश की सभी निचली अदालतों राजस्व अदालतों, उपभोक्ता मंचों और प्रशासनिक अधिकरणों में किया गया। पाली में दीवानी, फौजदारी, राजस्व, मोटरयान दुर्घटना और पारिवारिक मामलों के निपटारे के लिये अलग–अलग पीठों का गठन किया गया। सवाईमाधोपुर में

10 बैचों के माध्यम से मामलों का निस्तारण किया गया। दौसा में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी राजीनामे से लगभग साढे तीन हजार मामले निपटाये गये।

00000

पाली के जिला न्यायालय परिसर में आज अभिभाषक मंडल द्वारा बनाये गये ई –पुस्तकालय का सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश पंकज मित्थल द्वारा लोकार्पण किया गया। न्यायाधीश मित्थल ने परिसर में पौधारोपण भी किया। बार एसोसिएशन की ओर से न्यायाधीश का स्वागत किया गया।

00000

प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज भी विभिन्न आयोजन हुए। भरतपुर के विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में मानव श्रृंखला बनाई गई । मानव श्रृंखला के माध्यम से पार्क में आने वाले लोगों से स्वस्थ रहने के लिए साफ सफाई रखने की अपील की गयी। इस दौरान पार्क में साफ सफाई भी की गई। इसके अलावा विश्वप्रिय शास्त्री पार्क से ही साइकिल मैराथन का भी आयोजन किया गया। जिसे जिला कलेक्टर ने झंडी दिखाकर रवाना किया । मैराथन में स्कूली बच्चों के साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़े लोगों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। जालोर में जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने आज स्वच्छता अभियान के तहत सफाई और सिवरेज व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने नियमित रूप से वार्डों में साफ सफाई करने और मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए हर वार्ड में फॉगिंग करवाने के निर्देश दिए। डूंगरपुर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जिला कलक्टर अंकित सिंह के निर्देशन में आज जिला परिषद, पंचायत समितियों और ग्राम पंचायत कार्यालयों में सफाई अभियान चलाया गया। राजसमंद में आज जिला कलेक्टर बाल मुकुंद असावा ने ''माय आफिस क्लीन ऑफिस'' अभियान की शुरुआत की। अभियान के पहले चरण में सभी सरकारी कार्यालयों में सफाई की गयी। दूसरे चरण में निजी संस्थानों और प्रतिष्ठानों में साफ सफाई की जायेगी। अजमेर में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर लोकबंधु, एसपी वंदिता राणा सहित अन्य अधिकारियों ने श्रमदान किया।

00000

प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में कई जगह तेज बारिश हुई है। सलूंबर, जयसमंद और सराडा क्षेत्र में आज अच्छी बारिश हुई। जिले के अन्य स्थानों पर रिमझिम बारिश जारी रही। जयसमंद झील में धीमी गति से पानी की आवक हो रही है। ज़िले के सराडा और सेमारी कस्बे में लंबे समय के बाद तेज गर्मी और उमस के बाद मौसम का मिजाज बदला। इससे तेज हवाओं और बादलों की गड़गड़ाहट के साथ मूसलाधार बारिश हुई। जिससे सड़कों पर पानी बहने लगा। बांसवाड़ा जिले में पिछले 2 दिन से लगातार बारिश हो रही है। इससे नदी तालाबों में भरपूर पानी आ रहा है। मौसम विभाग ने आज अजमेर, कोटा, उदयपुर सभाग में कहीं–कहीं बारिश की संभावना जताई है। जोधपुर संभाग में कहीं कहीं बारिश हो सकती है।

000000

चित्तौड़गढ़ ज़िले के निम्बाहेड़ा क्षेत्र के चरलिया ब्राह्माण गांव में आज सुबह कदमाली नदी में दो बच्चे बह गये। ये दोनो नदी में नहा रहे थे तभी पानी का बहाव तेज हो जाने से बच्चे बह गये। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। सिविल डिफेंस टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरु कर दिया गया है। गौरतलब है कि कल मध्यप्रदेश और राजस्थान के सीमावर्ती इलाके में जोरदार बारिश हुई थी जिसके कारण आज सुबह चरलिया ब्राह्माण गांव में बहने वाली कदमाली  नदी का वेग बढ़ गया।

00000

स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की जयंती पर आज राष्ट्र उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगत सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने भगत सिंह को नमन करते हुए कहा कि वे एक ऐसे अमर स्वतंत्रता सेनानी हैं, जिन्होंने मातृभूमि के सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि भगत सिंह के असाधारण साहस और अद्वितीय त्याग ने देश के असंख्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम की अलख जगाई है। हनुमानगढ़ टाउन के राजकीय नेहरू मेमोरियल महाविद्यालय में शहीदे आज़म भगत सिंह की जयंती धूम धाम से मनाई गई। कार्यक्रम में सबसे पहले शहीद भगतसिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई ।

00000

विश्व रेबीज़ दिवस पर आज प्रदेश के विभिन्न पशु चिकित्सा संस्थानों में पशुओं को टीका लगाया जा रहा है। जानवरों से इंसानों में फैलने वाली जूनोटिक बीमारियों के बारे में लोगों को जागरुक किया जा रहा है। जयपुर में पांच बत्ती स्थित पशु चिकित्सा पॉली क्लिनिक और सभी वैट डिस्पेन्सरीज में एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर लगाए गए। कोटपूतली बहरोड में विश्व रेबीज दिवस पर पशुपालन विभाग और चिकित्सा विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम जयसिंहपुरा में आयोजित किया गया। केकड़ी में पशु चिकित्सालय परिसर में मुफ्त रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। उपनिदेशक डा अमित पारीक ने बताया कि शिविर में 45 पालतू पशुओं के टीके लगाये गये।

00000

सवाई–माधोपुर के खंडार में आज राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान और किशोरी बालिका मेले का आयोजन किया गया। मेले में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा और कला का प्रदर्शन किया। विज्ञान मेले में विद्यालय की छात्राओं ने स्वास्थ्य, शरीर, पर्यावरण, अंतरिक्ष और सौरमंडल सहित विभिन्न विषयों से संबंधित मॉडल और चार्ट बनाकर प्रदर्शित किए। किशोरी मेले में कक्षा 6 से 8 तथा 9 से 12 तक की छात्राओं को ने हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, तथा सामाजिक विज्ञान विषय में चार्ट और अन्य सामग्री का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए ।कक्षा 7 की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बिजली बचाने का संदेश दिया। पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार दिये गये। डूंगरपुर के सीमलवाडा में भी स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय में आज मॉडल विद्यालयों के राज्य स्तरीय विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। विज्ञान मेले में क्विज भी आयोजित की गई। मॉडल प्रतियोगिता में प्रदेशभर के मॉडल विद्यालयों की 45 टीमो ने भाग लिया। बाड़मेर ज़िले के डिंडावा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भी आज विज्ञान मेले का आयोजन किया गया । इस दौरान विद्यार्थियों की विभिन्न रचनात्मक गतिविधियाँ भी हुई।

00000

पाली जिले में ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत जिला मुख्यालय की पुलिस की विशेष टीम ने खोये हुए मोबाइल की तलाश कर फरियादियों को वापस लौटाए। अभियान के तहत लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए साइबर क्राइम पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई। जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने बताया कि पुलिस की विशेष टीमों ने कारवाई करते हुए 268 मोबाइल बरामद किए जिनकी लगभग कीमत 70 लाख रुपए है।

00000

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन ने कहा है कि पौधरोपण से जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद मिलेगी। श्री रंजन ने आज नई दिल्ली में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण अभियान का नेतृत्व किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार, भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को बेहतर बनाने के प्रति वचनबद्ध है। एक पेड़ मां के नाम अभियान का जिक्र करते हुए श्री रंजन ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों से कहा कि वे व्यापक पौधरोपण अभियान के बारे में जागरूकता फैलाएं। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने भी इस अभियान के तहत पौधा लगाया। केंद्रीय सूचना प्रसारण और संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने आज चेन्नई में एक पेड़ मां के नाम अभियान में भाग लिया।

00000